दिनांकः 01.02.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण आज सुबह 11 बजे लोकसभा में केन्द्रीय बजट–2026–27 पेश करेंगी।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज संत गुरू रविदास की जयंती पर पंजाब दौरे पर–जालंधर में होने वाले विशेष कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने युवाओं से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और फिटनेस पर ध्यान देने की अपील की।
- सुप्रीम कोर्ट के आदेश की पालना में वन विभाग ने रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान के मुख्य पर्यटन क्षेत्रों में मोबाइल फोन के उपयोग पर रोक लगाई।

000

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज लोकसभा में वर्ष 2026–2027 का केन्द्रीय बजट पेश करेंगी। वित्त मंत्री लगातार नवीं बार आम बजट पेश करने जा रही हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली केन्द्र सरकार के तीसरे कार्यकाल का ये तीसरा बजट है। लोकसभा में प्रस्तुत करने के बाद बजट की प्रति राज्यसभा के पटल पर रखी जाएगी।

वित्त मंत्रालय के अनुसार पहली बार देशभर से चुने गये 30 युवा बजट पेश करने की कार्यवाही सदन में लाइव देखेंगे। वित्त मंत्री आज शाम बजट की प्राथमिकताओं और उसके प्रभावों तथा युवाओं के दृष्टिकोण को लेकर इनसे संवाद भी करेंगी।

रविवार की छुट्टी के बावजूद भी आज शेयर बाजार खुला रहेगा। बॉम्बे शेयर बाजार और राष्ट्रीय शेयर बाजार, दोनों में कारोबार होगा। इनका कामकाज सुबह सवा नौ बजे से शुरू होकर दोपहर साढे तीन बजे तक जारी रहेगा।

वित्त मंत्री के बजट भाषण का आकाशवाणी से सीधा प्रसारण किया जाएगा। केन्द्रीय बजट के मद्देनजर आकाशवाणी जयपुर से प्रसारित होने वाले दोपहर एक बजे के बुलेटिन का समय 5 मिनिट से बढ़ाकर 10 मिनट किया गया है। इसके साथ ही दोपहर तीन बजे राजस्थानी में 10 मिनट का विशेष बजट बुलेटिन प्रसारित किया जायेगा।

आम बजट से ऐसी उम्मीद की जा रही है कि ग्रामीण आय बढ़ाने के लिए कृषि क्षेत्र में अधिक आवंटन होगा। इसके साथ ही मेन्यूफैक्चरिंग सेक्टर, उद्योग क्षेत्र, स्वदेशी ए.आई. मॉडल को लेकर भी अहम घोषणाएं हो सकती हैं।

बजट को लेकर प्रदेश में लोगों में उत्सुक्ता का माहौल है। जैसलमेर और बाड़मेर से नागरिकों ने बजट को लेकर अपनी अपेक्षाएं व्यक्त कीं।

000

संत रविदास की जयंती आज देशभर में मनाई जा रही है। वे 14वीं शताब्दी के संत और उत्तर भारत में भक्ति आंदोलन के संस्थापक थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरू रविदास की जयंती पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा है कि गुरु रविदास ने समानता, सामाजिक न्याय और प्रेम का संदेश दिया। राष्ट्रपति ने सभी से उनके संदेशों को जीवन में उतारने का आह्वान किया।

वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज संत गुरू रविदास की 649वीं जयंती पर पंजाब दौरे पर रहेंगे। श्री मोदी जालंधर में गुरू रविदास को श्रद्धाजंलि देंगे और उनके सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री आदमपुर हवाई अड्डे के नये नाम गुरू रविदास हवाई अड्डा करने की घोषणा भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार समाज सुधारक गुरू रविदास को सम्मान देने के लिए यह नामकरण किया गया है। प्रधानमंत्री लुधियाना के हलवारा हवाई अड्डे पर नये टर्मिनल भवन का भी उद्‌घाटन करेंगे।

000

प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद के लिए ऑनलाइन पंजीकरण आज से शुरू हो रहा है। इसके लिए किसान स्वयं या ईमित्र के माध्यम से पंजीकरण करवा सकते हैं। किसान पंजीकरण और अन्य खरीद सम्बन्धी जानकारी के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 14435 पर सम्पर्क कर सकते हैं। गेहूं की खरीद प्रक्रिया 10 मार्च से शुरू होगी। पंजीकरण की प्रक्रिया 25 जून तक चलेगी।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि युवाओं को अपनी ऊर्जा सकारात्मक कामों में लगानी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली अपनाकर फिटनेस पर ध्यान देना आवश्यक है। श्री शर्मा ने आज रामनिवास बाग से जयपुर मैराथन 2026 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने युवाओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि ये मैराथन सिर्फ एक दौड़ नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को जन आंदोलन का रूप देने का प्रयास है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि अधिवक्ता केवल वकालत नहीं करते, वे समाज की आत्मा की आवाज होते हैं। वे न्याय व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी भी हैं। श्री शर्मा कल राजस्थान हाईकोर्ट बार एसोसिशन के शपथ ग्रहण और स्वर्ण जयंती समारोह में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में ई कोर्ट्स का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग से सुनवाई, ऑनलाइन केस फाइलिंग और ई पेमेंट की सुविधाओं से लोगों को फायदा पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने न्यायपालिका को मजबूत बनाने के लिए 42 नई अदालतें स्थापित की हैं। इसके साथ ही आम आदमी को जल्द और निःशुल्क न्याय दिलाने के लिए लोक अदालतों का भी व्यापक विस्तार किया जा रहा है।

000

रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान के मुख्य पर्यटन क्षेत्रों में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अब पर्यटक, गाइड और वाहन चालक सफारी मार्गों पर मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की पालना में वन विभाग की ओर से इस बारे में आदेश जारी किए गए हैं। वन्यजीवों की सुरक्षा और जैव विविधता संरक्षण को ध्यान में रखते हुए ये निर्णय लिया गया है। और ब्यौरा दे रहे हैं हमारे सवाईमाधोपुर संवाददाता –

000

जयपुर के विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र में कल रात एक फैक्ट्री में सिलेंडर फटने से दो श्रमिकों की मृत्यु हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से झुलस गये। हादसा तेज धमाके के साथ हुआ और फैक्ट्री का कुछ हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है। उधर, बाड़मेर जिले में कल शाम एक कैम्पर के बेकाबू होकर पलटने से 28 लोग घायल हो गये। दुर्घटना रामसर इलाके के जानकी गांव के पास हुई। गंभीर घायलों को जोधपुर रैफर किया गया है।

000

आदिवासियों का महाकुंभ कहे जाने वाला बेणेश्वर का मुख्य मेला आज भरेगा। इसके लिए देश के कोने–कोने से श्रद्धालु बेणेश्वर धाम पहुंच रहे हैं और सोम, माही और जाखम नदियों के त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान कर रहे हैं। हमारे डूंगरपुर संवाददाता ने बताया कि माघ पुर्णिमा के अवसर पर आज पालकी यात्रा भी निकाली जाएगी।

000